**खबर संक्षेप**

### 21 सूत्रीय मांगों को लेकर आप का धरना प्रदर्शन

**मैहर।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि 21 सूत्रीय मांगों को लेकर व सार्वजनिक हित को देखते हुए शांति रूप से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें आम नागरिक का भी अच्छा समर्थन मिल रहा है।

### मेहंदी रचाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**उमरियापान।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सम्पूर्ण जिले में जल संरक्षण हेतू विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्रामों में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समितियां और सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संगोष्ठी, चौपाल, शपथ, जल संरचनाओं की साफ सफाई सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है। रविवार को उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने मेंहदी और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

## मां मंदाकिनी नदी के सफाई अभियान में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

# श्रमदान से आयेगी जागरूकता: कैलाश विजयवर्गीय





**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन मां मंदाकिनी नदी के सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आहवान पर जल गंगा संवर्धन अभियान में दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा जनसहयोग से मां मंदाकिनी नदी को निर्मल और स्वच्छ रखने सफाई अभियान शुरू किया गया है।संस्थान का जन सहभागिता से किए जाने वाला यह प्रयास निःसंदेह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,उत्तरप्रदेश सरकार के श्रम और रोजगार राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी), विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार,विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,संगठन सचिव अभय महाजन,नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल,जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,प्रशासनिक अधिकारियों एवं चित्रकूट के स्थानीय नागरिकों के साथ नदी सफाई अभियान में हिस्सा लिया है। सामूहिक श्रमदान से सभी लोगो में जागरूकता पैदा होगी और नदियों को साफ स्वच्छ रखने का संदेश भी दिया जायेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि चित्रकूट की पवित्र मंदाकिनी नदी की सफाई और गाद निकालने का कार्य साल भर चलेगा। मानव संसाधन के अलावा इस कार्य में मशीनों की भी आवश्यकता होगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मशीनों और आवश्यकतानुसार मैन पावर के सहयोग से मां मंदाकिनी को निर्मल और स्वच्छ रखा जाएगा।इस मौके पर प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,उत्तरप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मन्नू कोरी,विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार,मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल,जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, पूर्व स्पीकर नगर निगम अनिल जायसवाल,कमिश्नर रीवा बीएस जामोद,डीआईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,एसडीएम जितेंद्र वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,जन अभियान परिषद और डीआरआई के कार्यकर्ता,स्वयं सेवक,नगर पंचायत के कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने मां मंदाकिनी के भरत घाट में पानी में उतर कर नदी के तलहटी में जमा घास और मलवे नुमा गाद निकालने के कार्य में श्रमदान किया।

### प्रभारी मंत्री ने किये भगवान कामतानाथ के दर्शन

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन एवं आरती कार्यक्रम में शामिल हुए। रविवार को शाम प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कामदगिरि पर्वत की प्रदक्षिणा भी की और परिक्रमा पथ में किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। इस दौरान चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार भी उनके साथ मौजूद रहे।

### चित्रकूट के विकास कार्यों का अवलोकन

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारीमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को चित्रकूट धाम के समेकित विकास की परियोजना के प्रगतिरत और प्रस्तावित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय और राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सबसे पहले मोहकमगढ़ किले का निरीक्षण किया। एमपीआईयूडीसी के अधिकारियों ने बताया कि मोहकमगढ़ किले को हैरिटेज के रूप मे विकसित किए जाने की योजना है। दशमी शताब्दी के इस प्राचीन किले के विकास के प्रथम चरण में लगभग 9 करोड़ रूपए का व्यय किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने बंदर कोल स्थित नाना जी श्रृद्धा केंद्र का अवलोकन भी किया। दीन दयाल शोध संस्थान द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से नानाजी श्रृद्धा केंद्र की स्थापना की गई हैं। प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री ने चित्रकूट के राजोला बायपास का निरीक्षण कर विकास कार्यों का अवलोकन किया।

# वट सावित्री एवं अमावस्या पर्व में हजारों दर्शनार्थियों ने किए मां शारदा के दर्शन





### नौतपा के चलते मंदिर समिति के द्वारा दर्शनार्थियों के लिए किए गए खास इंतजाम

**मैहर।** 25 मई से लगे नौतपा के दूसरे दिन 26 मई सोमवार की सुबह अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत के पर्व पर अचानक मैहर मां शारदा मंदिर में भक्तों की भीड़ बढ़ती चली गई। इस तेज गर्मी में प्रशासन की व्यवस्था के बीच दर्शनार्थियों को सुगमता से दर्शन प्राप्त होने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई जिससे दर्शनार्थियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। भीड़ को देखते हुए गर्भ गृह में दर्शन हेतु दो लाइन चलाई जा रही है। दोपहर 1 बजे तक लगभग 50 हजार दर्शनार्थियों ने माई के दर्शन किए। आज सुबह 5 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए थे और पुजारी दीपक पाण्डेय के द्वारा मांई की पूजा अर्चना की गई। आज वट सावित्री और अमास्या का पर्व होने से महिलाएं एवं पुरुषों ने आज मां शारदा देवी की दर्शन किए। आज के पर्व के बारे पुजारी दीपक पाण्डेय ने बताया कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी यह महिलाओं के द्वारा अपने पति की लंबी आयु के लिए ब्रत रखा जाता है। इस दौरान सावित्री और सत्यवान की कथा का वाचन होता है। आज का व्रत तिथि के अनुसार चतुर्दशी तिथि 26 मई को दोपहर 12.11 बजे तक रही इसके बाद अमावस्या की तिथि प्रारंभ हो गई। मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने मॉ शारदा की अराधना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। आज विशेष कर महिलाओं का पर्व होने के कारण मंदिर की सीढ़ियों के अलावा रोपवे में भी काफी भीड़ रही। इस नौतपा की गर्मी को देखते हुए मंदिर समिति के द्वारा मंदिर के आंगन में कूलर एवं पंखे के विशेष व्यवस्था की गई। पेयजल के लिए जगह जगह इंतजाम किए गए है। पैदल आने जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए मैट लगाकर पानी का छिड़काव किया जाता रहा जिससे नंगे पांव जाने वाले दर्शनार्थियों का काफी राहत मिलती रही।

### पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

सतना। जिले भर में वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत करते हुए पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से वटवृक्ष की पूजा की और कच्चे सूत की डोरी से पेड़ को 108 बार लपेटकर फेरे लिए। इस दौरान महिलाओं ने व्रत कथा भी सुनी और वट सावित्री की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की रक्षा की कामना की। जानकार बताते हैं कि वट सावित्री का यह व्रत की यह परंपरा सावित्री-सत्यवान की अमर कथा से जुड़ी है। वट सावित्री व्रत जेष्ठ मास की अमावस्या तिथि को किया जाता है। व्रत कर रहीं सुहागिन महिलाएं बताती हैं कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवी सावित्री ने अपने तप,सतीत्व और सेवा के बल पर अपने पति सत्यवान को यमराज के पाश से मुक्त कराया था। यह व्रत स्त्री धर्म,निष्ठा और प्रेम की मिसाल है,जो नारी के संकल्प और बलिदान को दर्शाता है। वट सावित्री व्रत जिले भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पूजा मुहुर्त पर वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा की। बताया गया है कि व्रत करने वाली महिलाओं ने व्रत के दौरान पानी का भी त्याग किया।

## पिथौराबाद में जैवविविधता दिवस पर कार्यक्रम,जैवविविधता संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी

### प्रतियोगिता: बच्चों ने फल,सब्जी,पक्षी,जानवर पहचाने और पाए पुरस्कार



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर जैव विविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिथौराबाद पोड़ी तिराहा में आयोजित कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र में कक्षा 5 वीं से लेकर 11वीं के छात्रों के बीच जैव विविधता पहचानों प्रतियोगिता रखी गई। विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही कार्यक्रम के वक्ताओं ने जैवविविधता की टूटती कड़ियों पर गहन चिंता व्यक्त करते हुए उसके दुष्परिणामों की भी चर्चा की। कार्यक्रम का समापन उपस्थित ग्रामीणों का सब्जी व पेड़ पौधों के बीज वितरण के साथ हुआ।

कनिष्का प्रथम तो अंशिका को मिला दूसरा स्थान युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और उनमें जैवविविधता संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्पर्धा में सब्जी,फल,अनाज, जानवरों,पक्षियों के चित्र पहचान के लिए दिखाए गए थे। प्रतियोगिता में शामिल दो दर्जन के करीब बच्चों में कनिष्का दहायत को प्रथम,अंशिका प्रजापति द्वितीय तथा रहस्य प्रताप सिंह को तृतीय तथा दो बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्रों को वितरण भी किया गया।

### विद्वानों ने जैवविविधता की टूटती कड़ियों पर जताई चिंता

द्वितीय सत्र परम्परागत अनाज सब्जियों,मोटे अनाजों,वनस्पतियों और जड़ी बूटियों सहित समस्त जैव विविधता पर परिचर्चा विचार-विमर्श पर केंद्रित रहा। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के रिटायर महानिर्देश डॉ.सदाचारी सिंह तोमर ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण हम सबकी जवाबदेही है। दिन-प्रतिदिन हो रहे बदलाव के दुष्परिणामों को हम सभी देख रहे हैं। इसलिए पेड़-पौधे,परम्परागत अनाजों जीव-जंतुओं,आदि सभी पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उनने बक्सवाहा जंगल के संरक्षण पर अपने अनुभव साझा किए कि किस तरह आंदोलन से वहां की जैवविविधता संरक्षित की गई?। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे अपर संचालक कृषि विभाग एवं प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड भोपाल आर एस चर्मकार ने कहा कि मनुष्य की अनियंत्रित गतिविधियाँ जैव विविधता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी हैं। प्लास्टिक उपयोग की अधिकता एवं रासायनिक प्रदूषण से जीवन प्रणाली प्रभावित हो रही है। हमें एक सुरक्षित,संतुलित और समृद्ध भविष्य चाहिए,तो आज से ही जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। इसके पहले जैवविविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा कि अब विशेष रूप से युवाओं में जैव विविधता के प्रति जागरूकता लानी है इसके लिए उन्होंने स्कूलों में औषधि पौधे लगवाकर उनके महत्वों को बताने पर जोर देना है। साथ ही कहा कि जैव विविधता संरक्षण हम सबकी जवाबदेही और जिम्मेदारी है। दिन-प्रतिदिन हो रहे बदलाव के दुष्परिणामों को हम सभी देख रहे हैं। संरक्षण के लिए पेड़-पौधे,परम्परागत अनाजों जीव-जंतु,आदि पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा कार्यक्रम में एकता परीक्षण के राष्ट्रीय सचिव संतोष सिंह ने जहां अपने अनुभव साझा किए वहीं पशु चिकित्सक डॉ.गुलाब सेन,गणेश पांडेय तकनीकी प्रबंधक कृषि,प्रधान अध्यापक कोदूलाल वर्मा,इंद्रपाल सिंह,डॉक्टर बसंत तिवारी आदि ने भी जैव विविधता के महत्व और उसके संरक्षण के उपायों के समाज में संदेश पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सुरेन्द्र दाहिया व आभार प्रदर्शन समिति के उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ने किया। अंत में शामिल समस्त आगंतुकों को दुर्लभ किस्म की विभिन्न प्रजाति की सब्जियों के 10-10 बीजों का एक पैकिट भेंट किया गया।

## न्याय की पुकार, प्रशासन से जबरन ज़मीन खाली कराने पर जताई आपत्ति

### किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की उचित मुआवज़े की मांग

**मैहर।** मैहर के बड़े औद्योगिक संस्थान केजेएस सीमेन्ट फैक्ट्री तक रेलवे लाईन ले जाने के लिये रास्ते में जो कीमती भूमि किसानों की पड़ रही है उसे जबरन लेने की कोशिश पुलिस और प्रशासन की मदद से की जा रही है जो आज के लोकतंत्र में अन्यायपूर्ण है। जमीन के अधिकारों को लेकर किसानों ने आज एक बार फिर अपना आक्रोश और आवाज़ बुलंद की है और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी के नेतृत्व में किसानों और भू-स्वामियों ने सोमवार को एसडीएम विकास सिह को एक ज्ञापन सौंपा,जिसमें अपनी प्रमुख मांगें और प्रशासन की भूमिका पर गहन आपत्ति दर्ज कराई गई है। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि रेलवे लाइन के लिए जिन ज़मीनों का अधिग्रहण होना तय हुआ



है,उनका या तो उचित मुआवजा 1500 रुपए प्रति वर्गफुट की दर से दिया जाए। इसके अलावा,केजेएस गेट के सामने जिन ज़मीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है,वहां न तो कोई रेलवे लाइन प्रस्तावित है और न ही कोई सड़क निर्माण बल्कि वह भूमि आवासीय परिसर के लिए चिन्हित की गई है। किसानों ने मांग की है कि ऐसे स्थानों की ज़मीनें किसानों से ना छीनी जाए अथवा आज के बाज़ार मूल्य के अनुरूप ही मुआवज़ा दिया जाए। किसानों ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि जब तक किसान न्यायालय की शरण में हैं,तब तक किसानों की ज़मीनों को जबरन खाली कराने का कोई भी प्रयास न किया जाए। किसानों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन के लोग उद्योगपतियों के पक्ष में किसानों की ज़मीनें खाली कराने का प्रयास कर रहे हैं जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर अपनी एकजुटता और संघर्ष की भावना को व्यक्त किया। प्रभात द्विवेदी ने कहा कि किसानों की मेहनत और पुस्तैनी ज़मीनों को बचाना हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं और ज़मीनों पर अन्यायपूर्ण ढंग से क़ब्ज़ा किया गया,तो संघर्ष और व्यापक होगा। इस पर एसडीएम विकास सिंह ने किसानों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी और किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,अखिल मिश्रा,जितेंद्र कुशवाहा, पंकज कुशवाहा,शिवमोहन बड़गैया किसान जनार्दन प्रसाद द्विवेदी,रामसिया,बृजेंद्र सिंह,रामनिवास पटेल,रामयश पटेल,रामदास सिंह,ज्ञानेंद्र सिंह,प्रेमचंद गुप्ता,रामचंद्र गुप्ता,महेश गुप्ता,मिठाई लाल, जगत सिंह,नारायण सिंह,अंबिका सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# सीवर लाईन प्रोजेक्ट की मनमानी, जान जोखिम में डालकर चल रहे हैं चल रहे लोग

### जिम्मेवार अधिकारी आंख बंद कर बैठे,किसी बड़ी अनहोनी की बनी आशंका

**मैहर।** मैहर के सरला नगर रोड में कचेहरी के पास सीवर प्रोजेक्ट के चलते एक हफ्ते से मैहर बरही रोड को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया गया है जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। सीवर लाईन कंपनी की मनमानी से यहां पर कभी भी कोई हादसा हो सकता है। आज एक हफ्ते से बंद रोड आने जाने वालों के लिए पैदल व बाईक के लिए चालू कर दिया गया। देखा जा रहा है कि



लगभग 20 फिट के गड्ढे के पास से सटकर दुपहिया वाहन व पैदल चल रहे अगर पैदल या वाहन चालक थोड़ा सा भी फिसला कि 10 फुट गहरे गड्ढे में गिर जाएगा। एक हफ्ते से बंद मैहर बरही स्टेट हाइवे रोड पर चल रही अव्यवस्था किसी अधिकारी को क्यूं नहीं दिखाई दे रही और अगर दिखाई दी तो इस मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई जब कि यह मैहर शहर के पुरानी कचहरी के ठीक सामने चल रहा है जहां प्रशासनिक अधिकारियों का दिन भर आना जाना लगा रहता है। सीवर प्रोजेक्ट के ठेकेदारों के ऊपर कार्रवाई न करने से मनमानी कार्य करने के लिए बढ़ावा देना जैसा लग रहा है। इस कार्य का कछुआ गति से किया जा रहा है जिससे इस क्षेत्र के व्यापारियों में काफी असंतोष व्यात है।

### दोबारा बंद किया गया मैहर बरही मार्ग

सरलानगर की तरफ जाने वाले लोगों के लिए मैहर बरही मार्ग दोबारा बंद कर दिया गया है। बताया गया है कि सीवर लाईन प्रोजेक्ट के चलते रूट को डायवर्ट कर दिया गया है वहीं छोटे वाहन कचेहरी के सामने से यस पैलेश होते हुए व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार बड़े वाहनों के लिए विवेक नगर कटिया होते हुए बाईपास की तरफ से यात्रा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर अमानगंज में एक नवयुवक की आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है



**अमानगंज।** घटना के संबंध में पुलिस थाना अमानगंज से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गुड्डा रजक पिता मुन्ना रजक उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 ज्वाला माता मंदिर के पास अमानगंज आज दिन सोमवार को नदी के पास ब रिया के पेड़ से नवयुवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यह तो पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा के किस कारण नवयुवक ने यह कदम उठाकर मौत को गले लगाया थाना पुलिस अमानगंज ने उक्त मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना में ले लिया है।

### पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा अर्चना



**अमानगंज।** सोमवार को नगर अमानगंज सहित आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में ब रा बरसात के मौके पर महिलाओं ने नगर अमानगंज में बट वृक्ष की पूजा अर्चना करते हुए अपने पति की लंबी आयु की कामना की।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं हो रही कार्यवाही

**पथरिया।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी दमोह द्वारा विगत 15 अप्रैल से 15 मई तक जिलें में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए पर सोचने वाली बात है कि पथरिया क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन बिना डिग्रीधारकों डाक्टरों पर कार्यवाही नही हो पाई वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया सीबीएमओं द्वारा नगर के सभी डाक्टरों को नोटिस जारी किए गए कि सभी अपने अपने डिग्री व रजिस्ट्रेशन पंजीयन कार्यालय में जमा करें पर अभी तक जो नोटिस जारी हुए वह संबंधित डाक्टरों तक पहुंच नही पाई वजह बताई कि वह अपनी क्लीनिक नहीं खोल रहें हैं जिसके कारण नोटिस नही पहुंचे ना जानकारी आई कि कितने डाक्टरों के यहां नोटिस पहुंच गए जबकि सभी प्रमुख सड़क मार्ग पर अपनी अस्पताल खोलें बैठे हैं ऐसे में जिला प्रशासन के निर्देश का क्या औचित्य रहा वहीं जिन डाक्टरों के पास कोई डिग्री रजिस्ट्रेशन नहीं उन पर कार्यवाही इसलिए नही की जा रही है क्योंकि उनकी शिकायत दर्ज नही हुई इसलिए उन पर कार्यवाही नही हो पाई।

समर कैंप में बच्चों के साथ संवाद कर विधायक, पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर ने दिया स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का संदेश

# नन्हें कदम, उज्जवल कल-समर कैंप में बच्चों संग मुस्कुराया प्रशासन





**पन्ना।** पन्ना जिले के प्रतिष्ठित छत्रसाल ग्राउंड में संचालित समर कैंप में आज एक प्रेरणादायक अवसर देखने को मिला, जब माननीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा एवं जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ने शिविर में पहुँचकर बच्चों से सीधा संवाद किया और उनके साथ समय व्यतीत किया। समर कैंप में बच्चों के उत्साह और सहभागिता को देखकर अतिथिगण अत्यंत प्रसन्न नजर आए। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास, अनुशासन, और राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। अधिकारियों ने बच्चों के साथ सामूहिक नाश्ता करते हुए सहज संवाद स्थापित किया और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने एवं स्वच्छता का पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा ने बच्चों को बताया कि शारीरिक गतिविधियाँ और खेल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है दृ खेल और अनुशासन जीवन के मूल आधार हैं।" वहीं, कलेक्टर श्री सुरेश कुमार ने समर कैंप के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को सीखने का अवसर देती हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।"बचपन में मिली सही दिशा ही जीवन की दिशा तय करती है, और ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।" विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने सपनों को बड़ा रखो और उन्हें पूरा करने का हौसला भी। समर कैंप जैसी गतिविधियाँ बच्चों को आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना से भरती हैं। बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी और कहा कि "आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं, और ऐसे शिविरों से उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।"बचपन की मुस्कुराहटों में ही भविष्य की खुशियों की नींव छिपी होती है कृ और यह शिविर उसी नींव को मजबूत करने का एक सुंदर प्रयास है।" उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं समर कैम्प में शामिल बच्चे उपस्थित रहे।

# सरपंच सचिव विवाद के बाद डेढ़ माह से अनुपस्थित सचिव पंचायत के कामकाज ठप्प, हितग्राही परेशान

### पन्ना जिले के शाहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रावल का मामला जिला पंचायत सीईओ तक पहुंचा मामला



**पन्ना।** जिले के शाहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रावल में विगत डेढ़ माह पूर्व सरपंच मिलन प्रजापति और सचिन ज्ञानेंद्र द्विवेदी के बीच जनसुनवाई के दौरान हुए विवाद के मामले में सरपंच के खिलाफ एफआईआर हो चुकी है। सरपंच के द्वारा सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार के तमाम सबूत और की गई शिकायतों के आवेदन प्रस्तुत कर भ्रष्टाचार की शिकायतों को दबाने के लिए पूर्व नियोजित षडयंत्र बताया गया है। इस मामले के बाद डेढ़ माह से सचिव ज्ञानेंद्र द्विवेदी पंचायत से अनुपस्थित बताया जा रहा है ऐसे में पंचायत के तमाम काम प्रभावित हो रहे हैं। हितग्राहियों के केवाईसी सहित कोई काम नहीं हो पा रहे हैं। सरपंच मिलन प्रजापति ने 26 मई 2025 को जिला मुख्यालय पन्ना पहुंचकर जिला पंचायत सीईओ के नाम आवेदन सौंप कर बताया है कि हितग्राही अपनी समस्या लेकर मेरे पास पहुंच रहे हैं लेकिन सचिव के अनुपस्थित से मैं कुछ भी नहीं कर पा रहा हूं। कुछ काम सचिव के द्वारा लोगों को ठेके पर दिए गए थे उनकी राशि भुगतान के लिए भी लोग भटक रहे हैं, इससे पूर्व जनपद सीईओ शाहनगर से भी फरियाद कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया, सरपंच ने शीघ्र निराकरण की मांग उठाते हुए बताया है कि या तो सचिव को जिम्मेदारी निभाने के लिए निर्देशित किया जाए या फिर किसी और को प्रभार सौंपा जाए ताकि पंचायत के काम और हितग्राहियों के काम में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो।

# पन्ना पुलिस ने पूर्व में भारी मात्रा में जप्त अवैध शराब के प्रकरण में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**पन्ना।** पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 21-22 मई 2025 की दरम्यानी रात पन्ना-छतरपुर मार्ग पर बक्चुर मनौर के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक न्च्95 ज्2317 से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब (94 कार्टून, कुल 856.44 लीटर) बरामद की गई थी। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 6,36,510/- एवं वाहन की कीमत 8,00,000/- सहित पुलिस द्वारा कुल 14,36,510/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया था। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 461/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पन्ना पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर पन्ना पुलिस द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों एवं संभावित नेटवर्क की जानकारी एकत्र कर रही है। शीघ्र ही इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी मामले में विवेचना जारी है।

### गिरफ्तार आरोपी-

1. रामचरण साहू पिता नंदकिशोर साहू, निवासी नारायणपुरा थाना सटई, हाल निवासी पीतांबरा मंदिर के पीछे, सटई रोड, छतरपुर (म.प्र.) 2. अंकित कुशवाहा पिता राजू कुशवाहा, उम्र 19 वर्ष, निवासी सरस्वती स्कूल के पास, सिंचाई कॉलोनी, थाना सिविल लाइन, छतरपुर (म.प्र.)। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा इस कार्यवाही की सराहना करते हुए, टीम को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# ग्राम पुरैना में दर्दनाक हादसा - किसान की लापरवाही ने ली दो निर्दोष मवेशियों की जान

### खेत के चारों ओर फसल सुरक्षा को लेकर करंट लगने से गाय व भैंस की मौत



**पवई।** जनपद क्षेत्र के ग्राम पुरैना से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां फसल बचाने की कोशिश में एक किसान की लापरवाही से दो मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ग्राम पुरैना की है, जहां सियाराम चौधरी नामक एक किसान ने अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर करंट बिछा रखा था। बीते रात, करंट की चपेट में आकर एक गाय और एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह कोई पहली बार नहीं था जब किसान ने खेतों में करंट लगाया हो। गांववालों ने पहले भी इस तरह के खतरनाक उपायों पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना िप की हमने कई बार कहा कि यह तरीका ठीक नहीं है, लेकिन उसने नहीं सुना। अब दो बेजुबानों की जान चली गई।फिलहाल स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच चुका है और मामले की जांच की जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या फसल बचाने के नाम पर इस तरह की जानलेवा व्यवस्थाएं जायज हैं।

# स्वरोजगार मूलक योजनाओं से प्रत्येक माह हितग्राही हों लाभांवित- कलेक्टर

### एनआरसी से डिस्चार्ज पर बच्चों को पौष्टिक आहार किट एवं माताओं को मजदूरी की प्रतिपूर्ति राशि देने का होगा प्रयास



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि स्वरोजगारमूलक योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों के हितलाभ प्रकरणों के समय पर निराकरण के उद्देश्य से माहवार लक्ष्यपूर्ति का प्रयास किया जाए। इसके लिए विभागीय व बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय के माध्यम से निरंतर कार्य कर हितग्राहियों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में वित्तीय वर्ष के अंतिम माह अथवा अंतिम त्रैमास की प्रतीक्षा न करें। इस संबंध में उन्होंने हर माह स्वरोजगार प्रकरणों का वितरण कराने सहित लगातार मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही विभाग के अधीनस्थ लोकसेवकों द्वारा लापरवाही बरतने पर वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में भी तत्परतापूर्वक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के समयसीमा में निराकरण के उद्देश्य से पुरानी शिकायतों सहित वर्तमान माह में प्राप्त शिकायतों का भी समानांतर रूप से संतुष्टिपूर्वक निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके अलावा प्राथमिकता के साथ टीएल और जनसुनवाई पत्रों का भी निराकरण हो। उन्होंने कई बार निर्देश के बावजूद सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर एल-1 स्तर पर निर्धारित समयावधि में शिकायत अटेंड न करने तथा लोक सेवा गारण्टी अधिनियम की विभिन्न नागरिक सेवाओं के समय सीमा में निराकरण न होने पर संबंधितजनों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के सख्त निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि विभागीय अधिकारी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले की रैंकिंग में सुधार के लिए भी सार्थक प्रयास करें। साथ ही संवेदनशीलता से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण सहित आमजन के प्रति अपने व्यवहार और दृष्टिकोण में भी बदलाव लाएं। इस दौरान विशेषकर 70 वर्ष एवं अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल में पंजीकृत श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग की केसीसी योजना में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। समस्त जिलाधिकारियों को जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई में भी जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजनों की समस्या निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। टीएल बैठक में न्यायालयीन प्रकरण अंतर्गत जवाबदावा कार्यवाही और अवमानना याचिकाओं के निराकरण की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सतत निरीक्षण तथा उपलब्ध सीट क्षमता के विरूद्ध चिन्हांकित शत-प्रतिशत कुपोषित बच्चों के निरंतर रूप से उपचार के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि डिस्चार्ज के उपरांत बच्चों के स्वास्थ्य निगरानी के लिए फॉलोअप की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। आगामी माह से निर्धारित समय उपरांत एनआरसी से बच्चों के डिस्चार्ज के दौरान पौष्टिक आहार किट प्रदान करने तथा बच्चे की माताओं को मजदूरी की प्रतिपूर्ति राशि की व्यवस्था के बारे में भी अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण समाप्त करने के लिए प्रारंभिक रूप से ही गर्भावस्था के शुरूआती तीन माह की आवश्यक जांच व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। स्वास्थ्य योजनाओं विशेषकर महिला स्वास्थ्य की दिशा में सभी जरूरी प्रयास करें।

**समग्र ई-केवायसी कार्य में लापरवाही पर होगी कार्यवाही-**

कलेक्टर ने कहा कि पर्यवेक्षण में अभाव के कारण गत कई माह से निकायवार संचालित हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति कम है। प्रत्येक जनपद पंचायत सीईओ द्वारा इसके लिए पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के कार्यों की मॉनिटरिंग कर लापरवाही अथवा स्वच्छंदता बरतने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इसके बावजूद भी प्रगति में सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति जैसी कड़ी कार्यवाही भी करें। शासकीय सेवकों के आधार में वांछित सुधार के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर में शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा संभागायुक्त के निर्देशानुसार आगामी दिवसों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण तथा समय पर वित्तीय स्वत्वों के लाभ के लिए आगामी 31 मई तक जिला पेंशन कार्यालय में प्रकरण प्रेषित करने के लिए कहा। जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता ने बताया कि न्यायालयीन, लोकायुक्त एवं विभागीय जांच के प्रकरणों को छोड़कर सभी सामान्य प्रकरणों का शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में भी प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने आगामी 12 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में सागर में प्रस्तावित संभागीय समीक्षा बैठक के संबंध में आवश्यक कार्यवाही, शासकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति के लिए सार्थक पोर्टल पर यूजर पंजीयन कराने, आगामी वर्षाकाल के पूर्व बाढ़ एवं राहत संबंधी तैयारी, समर्थन मूल्य पर उपार्जित स्कंध के परिवहन व किसानों को भुगतान, जल गंगा संवर्धन अभियान में अन्य विभागों द्वारा भी गतिविधियों के निरंतर आयोजन, विभिन्न परियोजनाओं में भू-अर्जन की शेष मुआवजा राशि के शीघ्र वितरण, खाद्यान्न हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य अविलंब पूर्ण कराने, ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या की सूचना पर टीम भेजकर तत्परता से समस्या के निराकरण तथा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं पवई में विभिन्न ब्रांच में सीट क्षमता के विरूद्ध प्रवेश सुनिश्चित कराने और ई-ऑफिस पर ऑनबोर्ड हो चुके विभागों द्वारा तत्काल फाइल जनरेशन कर निराकरण प्रारंभ कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।

**मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के संबंध में दिए निर्देश-**

टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुरूवार, 29 मई को पन्ना में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर आवश्यक प्रबंध के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए। बताया गया कि पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्थानीय छत्रसाल पार्क पहुंचेंगे और महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन कार्यक्रम में शामिल होकर सभास्थल शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना ग्राउण्ड रवाना होंगे। यहां मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी का अवलोकन कर विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री छत्रसाल जन्मोत्सव एवं पन्ना नगर के गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री के मुख्यातिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, टेंट, प्रदर्शनी, पेयजल, मेडिकल टीम की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिले में तहसीलों का कार्यभार नायब तहसीलदारों के भरोसे वहीं उप निरीक्षकों के भरोसे में अधिकतर थानों की कमान

### आखिर जिले में दो विभाग जो कानून व्यवस्था तथा लाईन ऑर्डर वहीं आम जनता की समस्याओं के निदान को लेकर अहम माने जाते है फिर भी अधिकारियों का टोटा



**पन्ना।** पन्ना जिले में आखिर जनप्रतिनिधियों के द्वारा कब गौर किया जायेगा कि जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के पदों में पदस्थापनायें कराई जाये क्योंकि प्रभारी कार्यप्रणाली कितनी प्रभारी होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है यानि यह कहें कि जुगाड़ व्यवस्था की दास्ता जिले में विभागों का राजा विभाग माने जाने वाला राजस्व विभाग जिसकी धुरी तहसीलदार के रूप में प्रमुख मानी जाती हैं जिले की मात्र एक या दो तहसीलों छोड़ दें तो सभी तहसीलों में नायब तहसीलदारों को प्रभारी तहसीलदार के रूप में जिम्मेदारी देकर कार्य कराने को लेकर जिला प्रशासन की स्थिति कह सकते है। वहीं दूसरे प्रमुख विभाग जहां पुलिस विभाग की बात करें तो लंबे अर्से से थाना प्रभारियों की कमान उपनिरीक्षकों के हांथ में प्रभारी थाना प्रभारी के रूप में सौंपी गई है। आखिर दोनों विभाग अपने आप में जहां लाईन ऑर्डर के साथ-साथ कानून व्यवस्था का पालन कराये जाने को लेकर प्रमुख माने जाते है फिर भी जुगाड़ व्यवस्था जैसे हालात जिले में कायम है वह तो सबसे अच्छी बात यह है कि यह जिला अपने आप में शांतिप्रिय कार्यप्रणाली को लेकर जाना जाता हैं वहीं जिले के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार जो स्वयं ही सकारात्मक सोच के साथ संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर जिले को चलाने के लिए जाने जाते है। वहीं पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस. थोटा जिनके आते ही उनकी कार्यप्रणाली का भान हो चुका है। जहां कई बार आपने त्वरत कार्यवाही जिम्मेदारों को निलंबन या फिर लाईन अटैच जैसी कार्यवाहियां लापरवाही के चलते जिनके आदेश जाने जाते है। किसी को कहीं भी बख्सा नहीं जाता जिससे थानों में आपकी कार्यप्रणाली से ही उपनिरीक्षक भी निरक्षकों के अधिकार लेकर बाखूबी थानों को चला रहे है। पर वास्तविकता में आखिर इस जिले में अगर जिम्मेदार अधिकारियों के पदों पर जिम्मेदारों की तैनाती की जाये तो सायद प्रशासन की कार्यप्रणाली बाखूबी प्रगति पथ को लेकर जानी जाये। क्योंकि निश्चितौर पर राजस्व विभाग का जमीनी अमला पटवारी, आरआई की समस्याओं का निदान तहसील कार्यालय से होता है जहां तहसीलदार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है वहीं थाना प्रभारी की बात करें तो कई बार सीधेतौर पर यह नजर आ जाता है कि अगर निरीक्षक पदस्थ होते है तो उनकी कार्यप्रणाली भी स्वयं छाप छोड़ती है। आखिर यहां जनप्रतिनिधियों की भूमिका अधिकारियों को पदों पर पदस्थ करने को लेकर महत्वपूर्ण मानी जाती है। आखिर इस जिले में कब गौर किया जायेगा कि जितने भी पद महत्वपूर्ण जुगाड़ व्यवस्था से प्रभारी अधिकारियों के भरोसे संचालित इनसे मुक्ति दिलाकर अधिकारियों की पदस्थापनायें हो सकें ताकि प्रशासन की कार्यप्रणाली जो कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के अंग माने जाते है वह स्वयं ही सशक्त हो सके। देखना यह है कि जहां इस समय स्थानांतरण का समय जो चल रहा है इस समय को ध्यान में रखकर क्या अपनी-अपनी विधानसभाओं के साथ-साथ सम्पूर्ण जिले की प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए जिम्मेदारों के लिए पदों को भरने के लिए पदस्थापनायें कराई जायेगी। तो शायद आने वाला समय प्रगति के साथ-साथ कानून व्यवस्था को मजबूत दिशा मिल सकती है। निश्चितौर पर एक या दो पद तो प्रभारी के रूप में हो तो लाजमी है पर यहां तो मात्र एक या दो जिम्मेदार अधिकारी जरूर हो उदाहरण को लेकर तहसीलदारों की पदों को लेकर बांकी सभी तहसीलें नायब तहसीलदारों के भरोसे। इसी तरह की कमोवेशी हालात पुलिस विभाग में भी माने जा रहे है।

# गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्रेशाही, मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं के बैठने एवं पीने के लिए पानी की भी नहीं व्यवस्था




**पन्ना।** मध्य प्रदेश के सबसे पिछडे जिलों में सुमार पन्ना जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बद से बदतर हो चुकी हैं। गुनौर विधानसभा मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हाल तो और भी बेहाल बताए जा रहे हैं। यहां आने वाले मरीजों और गर्भवती महिलाओं के बैठने एवं पीने के लिए पानी की भी सुविधा नहीं है। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में विकास का ढिंढोरा पीटने वाले नेताओं की लचर स्वास्थ्य सेवाओं के सवालों पर बोलती बंद हो जाती है। आज 26 मई 2025 को सुबह से ही गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भीड़ लगी थी चेकअप करवाने के लिए गर्भवती महिलाएं भी आई हुई थी जिन्हें जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा था। यहां पंखा या कूलर की भी कोई सुविधा नहीं थी, पसीने से तर-बतर मरीज और गर्भवती महिलाएं परेशान देखी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर देखने पर केवल एक ही कूलर नजर आया वह भी पर्याप्त हवा नहीं दे पा रहा है। मरीजों ने बताया कि डॉक्टर 11 बजे के बाद आते हैं और कुछ देर बाद चले जाते हैं, इलाज व औषधियों की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है जिसके चलते अधिकांश मरीजों व गर्भवती महिलाओं या घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचते ही जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया जाता है और जिला चिकित्सालय में भी इलाज की कोई गारंटी नहीं होती यहां भी अधिकांश डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में व्यस्त रहते हैं और प्राइवेट तौर पर परामर्श लेने वालों को ही भर्ती करते हैं इसके अलावा सीधे अस्पताल पहुंचाने वालों में से अधिकतर मरीजों को रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जाता है एक ओर शासन के द्वारा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारी भरकम बजट खर्च किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की मनमानी और अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी शनि महाराज की जयंती

**छतरपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को शनि महाराज की भव्य जयंती का उत्सव विधि विधान से मनाया जाएगा। संकट मोचन मंदिर रोड स्थित रियासत कालीन शनि धाम मंदिर में सुबह 6 बजे से शास्त्रानुसार शनि महाराज का अभिषेक, विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ होगी। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मंदिर परिसर में नवगृह शांति हवन किया जाएगा। दोपहर 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। शाम साढ़े 7 बजे शनि महाराज की महाआरती की जाएगी। जयंती के अवसर पर भव्य श्रृंगार और शनि महाराज की झांकी आकर्षक का केंद्र रहेगी। मंदिर के पुजारी रतनलाल जोशी ने जयंती में शामिल होने की सभी श्रद्धालुओं से अपील की है।

### 31 मई तक आईटीआई में प्रवेश हेतु कराएं पंजीयन

**छतरपुर।** जिला छतरपुर में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025 के लिए प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसमें पंजीयन 31 मई 2025 तक किए जाएंगे। प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई. संस्थान छतरपुर में बताया कि संस्थान छतरपुर में स्टेनो हिंदी की 48 सीटें, फिटर की 20, विद्युतकार 20, डीजल मैकेनिक की 24, कारपेंटर की 24, कोपा की 48, मोटर मैकेनिक की 24, वेल्डर की 40 एवं चंदला में डीजल मैकेनिक की 20, कोपा की 24, फिटर की 20, विद्युतकार की 20, वेल्डर की 20, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन की 20 और बक्सवाहा में विद्युतकार की 20, बिजावर में कोपा की 20 और बड़ामलहरा में डीजल मैकेनिक की 48, कोपा की 48, फिटर की 20, वेल्डर की 40, मोटर मैकेनिक की 24 और विद्युतकार की 20 सीटें रिक्त हैं। उक्त संस्थानों में शासन द्वारा 35 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षित है। प्रशिक्षण उपरांत शासकीय प्रतिष्ठानों एवं प्राइवेट संस्थानों में रोजगार एवं अप्रेंटिशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

### व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट एजेंट का चयन 11 जून को

**छतरपुर।** कार्यालय अधीक्षक डाकघर छतरपुर में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा (पीएलआई, आरपीएलआई) के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट एजेंट का चयन किया जाना है। जिसके लिए साक्षात्कार का आयोजन 11 जून 2025 को सुबह 11 बजे से किया जाएगा।अधीक्षक डाकघर ने बताया कि 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 10वी पास या समकक्ष राज्य/ केन्द्रीय बोर्ड, कम्प्यूटर ज्ञान एवं स्थानीय क्षेत्र का ज्ञान होना अनिवार्य है। निम्न अहर्तायें पूर्ण करने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन तथा बायोडाटा लेकर उक्त समयावधि में कार्यालय अधीक्षक डाकघर छतरपुर में निर्धारित समय पर उपस्थित हो। आवेदन तथा अन्य जानकारी के लिये 7225062760 पर संपर्क कर सकते है।

# जिला अस्पताल की नर्स एक बार फिर विवादों में, मरीजों से किया दुर्व्यवहार

**छतरपुर। जिला अस्पताल छतरपुर में पदस्थ नर्स सीमा राहंगडाले एक बार फिर विवादों को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल की चौथी मंजिल पर भर्ती मरीज के परिजनों से नर्स सीमा द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की घटना सामने आई है।**

जानकारी के अनुसार, मरीज के परिजन इलाज को लेकर परेशान थे और पर्ची में लिखी गई जांच व दवाओं के लिए पर्ची मांग रहे थे। इस दौरान नर्स सीमा ने उनसे बहस शुरू कर दी और कई मरीजों के परिजनों से तीखी झड़प हो गई। परिजनों का कहना है कि नर्स का रवैया लगातार असहयोगात्मक रहा है और वे कहती हैं, हमें ड्यूटी करना है, काम नहीं करना, न तुम्हारी सुनना और न ही मरीजों की।पूर्व में भी सीमा राहंगडाले पर इसी प्रकार के कई विवाद



और झूठी शिकायतों का आरोप लग चुका है। इस बार भी नाराज परिजनों ने कलेक्टर, सीएमएचओ और थाना कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सीएमएचओ ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है, जबकि सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। परिजनों का कहना है कि हार्ट पेशेंट जिस मंजिल पर भर्ती हैं, वहां इस तरह के नर्सिंग स्टाफ का व्यवहार मरीजों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है। उन्होंने नर्स को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग करते हुए लिखित आवेदन भी सौंपा है। एक मरीज ने कहा, अगर नर्सिंग स्टाफ अच्छा व्यवहार करे तो मरीज का आधा दर्द यूं ही ठीक हो जाता है, लेकिन इस तरह का चिल्लाना और रुखा व्यवहार मरीज की स्थिति को और बिगाड़ सकता है।

# स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 1 दर्जन लोग घायल

**छतरपुर।** सोमवार की दोपहर छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़तला गांव के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने एक ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। यह दुर्घटना लगभग दोपहर 4 बजे मड़तला ब्रिज के समीप हुई, जिसमें दोनों वाहनों में सवार करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन मैहर से नैगुवां की ओर जा रही थी, जबकि ई-रिक्शा बागेश्वर धाम से सवारी लेकर गठेवरा की ओर जा रहा था। मड़तला ब्रिज के पास स्कॉर्पियो ने पीछे से आकर ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सवारियों में चीख-पुकार मच गई।घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई की



एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया गया। घायल लोगों में अधिकांश यात्री ई-रिक्शा में सवार थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में प्रतिज्ञा यादव (17), शोभा यादव (19) पुत्रियां पप्पू यादव, मालती यादव, सुखनंदन कुशवाहा, भुमानी अहिरवार, क्रांति अहिरवार, मन्नत अहिरवार, रोहित अहिरवार, कमलेश अहिरवार सहित लगभग एक दर्जन लोग शामिल हैं। सभी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में बताया गया है कि स्कॉर्पियो की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही दुर्घटना का मुख्य कारण रही।

### 12 से 30 वर्ष की युवतियों कन्याओं के लिए आर्य समाज लगाएगा निःशुल्क शिविर

**महाराजपुर।** वर्तमान में महिलाओं एवं बच्चियों पर हो रहे अत्याचार, दुव्र्यवहार, हमले एवं शोषण को देखते हुए आर्य समाज महाराजपुर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आर्य वीरांगना चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर 8 जून से 14 जून तक सात दिवसीय पूर्ण आवासीय शिविर लगाने जा रहा है। इस शिविर में 12 से 30 वर्ष की बच्चियों महिलाएं भाग ले सकती, शिविर पूर्णता निशुल्क रखा गया है जिसमें बालिकाओं को प्रतिदिन सुबह का नाश्ता, दोनों समय का भोजन, दोपहर का जलपान एवं रात्रि में दूध की व्यवस्था रहेगी। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए बच्चियों को मात्र 100 रूपए में अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 5 जून रखी गई है। बच्चियों को उत्तम व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से शिविर में बालिकाओं के लिए स्थान सीमित रखे गए हैं। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, विदुषी महिलाएं एवं प्रशिक्षक प्रशिक्षण देने के लिए आ रहे हैं। आर्यसमाज के प्रधान उमेश आर्य ने बताया कि उक्त महिला शिविर में किसी भी पुरुष वर्ग का जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। शिविर का संचालन महिला समिति करेगी। जिसके लिए 24 मई को सायंकाल 05 बजे आर्यसमाज महराजपुर की महिला समिति की मीटिंग आर्यसमाज में आयोजित हुई।

# जमीनी विवाद के चलते व्यक्ति ने पुलिस के सामने खाया ज़हरीला पदार्थ




**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परा चौकी तिगड्डे पर सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति ने प्रशासनिक अमले के सामने ही आत्मदाह का प्रयास किया और असफल रहने पर ज़हरीली दवा पी ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार बहादुर सिंह परमार निवासी रसोईया ठाकुरन, किसी जमीन के सीमांकन को लेकर चल रहे विवाद के चलते मौके पर पहुंचे थे। सीमांकन कार्य के दौरान बहादुर सिंह ने पहले स्वयं पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया, जिसे वहां मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समय रहते रोक लिया। इसके तुरंत बाद बहादुर सिंह ने पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में ही ज़हरीला पदार्थ सेवन कर लिया। मौके पर मौजूद मातगुवां थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बहादुर सिंह को तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां दोपहर करीब 2 बजे उनका इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उपचार जारी है। सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है, जिसकी जांच प्रशासन द्वारा की जा रही है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

# लवकुशनगर को जिला बनाने की मांग फिर हुई तेज

### मुख्यमंत्री के आगमन से पहले दीवार लेखन और जनआंदोलन ने पकड़ी रफ्तार

**लवकुशनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 29 मई को प्रस्तावित गौरिहार अनुविभाग आगमन से पहले एक बार फिर लवकुशनगर को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग ने जोर पकड़ लिया है। क्षेत्रीय जनता, युवा वर्ग, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों ने इस मांग को लेकर आंदोलन को नई धार दी है।लवकुशनगर सहित बारीगढ़, गौरीहार, सरबई, चंदला विधानसभा क्षेत्रों के नागरिक लंबे समय से इस क्षेत्र को जिला बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपना,




जनचौपाल, दीवार लेखन, खूनी हस्ताक्षर अभियान, यहां तक कि आत्मदाह की कोशिश जैसे कदम इस मांग की गंभीरता को दर्शाते हैं।मुख्यमंत्री के गौरिहार आगमन से पहले लवकुशनगर अनुविभाग के नागरिकों ने फिर एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। समाजसेवी नितिन रिछारिया और मुरली पाठक के नेतृत्व में युवाओं की टोली ने क्षेत्रभर में दीवार लेखन अभियान शुरू कर दिया है। इन दीवारों पर लिखा गया—मुख्यमंत्री मोहन यादव आयें और लवकुशनगर को जिला बनायें।स्थानीय जनता का कहना है कि यह केवल भावनात्मक मुद्दा नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और प्रशासनिक सुगमता से जुड़ा एक आवश्यक निर्णय है। आमजन का आह्वान है कि मुख्यमंत्री इस बार केवल आश्वासन देकर न जाएं, बल्कि लवकुशनगर को जिला बनाने की घोषणा कर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करें। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो शांति पूर्ण जनसभा को जनक्रांति में भी बदला जा सकता है। अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी गौरिहार दौरे में इस महत्वपूर्ण जनभावना पर क्या रुख अपनाते हैं।

# मतंगेश्वर मंदिर में सोमवार को अमावस्या पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**खजुराहो।** मतंगेश्वर बाबा मंदिर में अमावस्या पर भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला। प्रातः 4 बजे से ही भक्तों के आगमन का सिलसिला शुरु हो गया था, जो देर शाम तक चलता रहा। मंदिर के समीप मौजूद शिवसागर तालाब में स्नान करने के बाद भक्तों ने भोलेनाथ को जल चढ़ाया और मंदिर बट वृक्ष के परिक्रमण महिलाओं ने लगाएं पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत करती है और मंदिर के बाहर दान-पुण्य किया। मंदिर पहुंचने वाले भक्तों में सिर्फ स्थानीय लोग नहीं थे, बल्कि समूचे बुंदेलखंड के लोग शामिल थे। मंदिर आने वाले भक्तों की संख्या को ध्यान में रखकर



खजुराहो पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। घाट और मंदिर के पास खजुराहो थाना प्रभारी सुरभि शर्मा द्वारा पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं सीएमओ बसंत चतुर्वेदी व नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी द्वारा ने एक दिन पहले ही तालाब के घाट की साफ-सफाई कराई थी जिससे भक्तों को स्नान और पूजा-अर्चना में समस्या नहीं हुई मतंगेश्वर बाबा मंदिर में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ।

# पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, पिता ने निगल लिए रूपए



### नेगुंवा हलका में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, मौके पर मचा हड़कंप

**नौगांव।** नौगांव तहसील के नेगुंवा हल्का में पदस्थ पटवारी पंकज दुबे को लोकायुक्त सागर की 10 सदस्यीय टीम ने 5 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई शनिवार सुबह 9 बजे की गई, जब फरियादी दयाराम राजपूत द्वारा दी जा रही रिश्वत की रकम को पटवारी पंकज दुबे स्वीकार कर रहा था।जानकारी के अनुसार जैसे ही लोकायुक्त टीम ने पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा, उसी समय उसके पिता देवीदीन दुबे ने रिश्वत की रकम में से पांच हजार रूपए मौके पर ही निगल लिए। इस अप्रत्याशित हरकत से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और भारी संख्या में लोग जमा हो गए।

**सीमांकन के एवज में मांगी थी रिश्वत**

सूत्रों के अनुसार, फरियादी दयाराम राजपूत ने अपने खेत के सीमांकन संबंधी मामले में पटवारी द्वारा पहले 10 हजार रूपए की मांग की बात कही थी, लेकिन सौदा 5 हजार रूपए में तय हुआ। फरियादी के अनुसार, पटवारी ने स्पष्ट रूप से पैसे लिए बिना सीमांकन नहीं करने की बात कही थी।

**लोकायुक्त की टीम ने की तगड़ी कार्रवाई**

इस कार्रवाई का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर केपीएस बैन ने किया, जिसमें निरीक्षक रोशनी जैन, आरक्षक आशुतोष व्यास, संतोष गोस्वामी, विक्रम सिंह, गोल्डी पासी, आदेश तिवारी, प्रदीप दुबे सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। जैसे ही यह घटना हुई, नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

### अल्ट्रासाउंड के लिए आनाकानी करता रहा पटवारी का पिता



5000 रुपए निगलने के बाद, लोकायुक्त टीम आरोपी के पिता देवीदीन दुबे को छतरपुर जिला अस्पताल ले गई, जहां उनका अल्ट्रासाउंड कराया जाना था, ताकि निगली गई राशि की पुष्टि हो सके। लेकिन अस्पताल में देवीदीन ने अल्ट्रासाउंड कराने से इनकार कर दिया, जिससे लोकायुक्त टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**वीडियो फुटेज जब्त, पूछताछ जारी**

पटवारी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। लोकायुक्त टीम ने उस वीडियो फुटेज को भी जब्त कर लिया है। फिलहाल पटवारी पंकज दुबे और उनके पिता देवीदीन दुबे दोनों से पूछताछ जारी है और आगे की जांच की जा रही है।

# नेत्र परीक्षण शिविर में 200 मरीज हुए लाभान्वित



**छतरपुर। नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का चौदहवे वर्ष का पांचवा शिविर संपन्न हुआ। यह शिविर स्वर्गीय सूर्य प्रताप सिंह बुंदेला की स्मृति में एवं दर्शना महिला कल्याण समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर दर्शना महिला कल्याण समिति छतरपुर के सहयोग से आयोजित किया गया।**

समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आई 10 लोगों की टीम में डॉ. अरविन्द मिश्रा एवं डॉ. प्रदीप मिश्रा के द्वारा 200 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवा एवं चश्मा वितरित किए गए तथा 45 मरीजों को मोतियाबिंद हेतु चयनित किया उन्हें आज ही चित्रकूट भेजा गया। बीटू शुगर कम्पनी के डॉ केके पाठक के द्वारा शिविर में आए सभी नेत्र रोगियों की शुगर और ब्लेड प्रेशर की निःशुल्क जांच की गई।इस अवसर पर राजेश गुप्ता, उमाशंकर रिछारिया, रवि प्रताप सिंह, आनंद खरे, विजय प्रताप सिंह, संतोष सिंह, राजेश पांडे, अजय गुप्ता, सजन वैद्य, नरेन्द्र सिंह चंदेल, लखन विश्वकर्मा, ब्रज कुशमया, दीपा वैद्य, निरंजन यादव, शिवानी सिंह, अरुणा सिंह, अक्षरा कुशवाहा, रामविशाल नामदेव, सुधीर निगम, एमएल विश्वकर्मा, शंकर सोनी, प्रमोद खरे, प्रकाश जैन, संतोष नामदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रतिभागियों ने रंगोली से दिया भारतीय संस्कृति और कला का परिचय आपरेशन सिंदूर की उकेरी गई रंगोली

## सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन आज अटल सामुदायिक भवन बलौजी में रंगोली प्रतियोगिता हुआ आयोजन




**सिंगरौली ।** 17 वे सिंगरौली महोत्सव के आगाज जिस रंगा रंग अंदाज में हुआ उसी तरह से हर दिन महोत्सव का रंग दुगुने रफ्तार से सिंगरौली वासियो पर चड़ता जा रहा है। सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन की सुरूआत रंग बिरंगी रंगोली प्रतियोगिता के अटल सामुदायिक भवन बिलौजी मे हुआ। इस रंगोली प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियो द्वारा आकर्षक रंगोलियां सजाई। इन रंगोलियों में भारत की शौर्य गाथा दिखाने के लिए आपरेश सिंदूर की आकृती उकेरी गई वही भारतीय संस्कृति और परंपरा को दिखाने के लिए मोर, भारतीय परिधान में स्त्री, पर्यावरण को बचाने का संदेश देने वाले पेड़-पौधे को समाहित करते हुए चित्र एवं विभिन्न प्रकार की मनमोहक आकृतियां उकेरी गईं।रंगोली प्रतियोगिता में 10 से 15 तक जूनियर वर्ग एवं 15 से अधिक सीनियर वर्ग के सोलो एवं ग्रुप में विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मक रंगोली कला के माध्यम से अलग-अलग सामाजिक सरोकार के मैसेज देते हुए रंगोली बनाई गई। उक्त कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में सोलों में प्रथम स्थान पर रौनक फिजा द्वितीय स्थान पर अनिका गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर अनुपमा गुप्ता रहीं एवं जूनियर वर्ग ग्रुप में प्रथम स्थान पर कशिश विश्वकर्मा ,रागिनी विश्वकर्मा, कीरतदीप कौर, मेहर प्रीत कौर रही वहीं दूसरे स्थान पर गरिमा कुशवाहा एवं आंचल गुप्ता रही एवं तृतीय स्थान पर श्वेता गुप्ता एवं रिद्धि गुप्ता ने बाजी मारी। इसी प्रकार सीनियर वर्ग सोलो में प्रथम स्थान पर अंशु रानी द्वितीय स्थान पर पल्लवी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर स्वाती प्रधान रही। सीनीयर रंगोली ग्रुप में प्रथम स्थान पर साक्षी सिंह आकांक्षा पटेल ,अनामिका विश्वकर्मा एवं राखी यादव द्वितीय स्थान पर पिंकी मरकाम एवं यामिनी बेन रही तथा तृतीय स्थान पर सुमन सोनी ,प्रियंका सेन तथा नीता वर्मा का ग्रुप रहा उक्त कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब की थिएटर वर्कशॉप में झलकी कला

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा भोपाल के सुप्रसिद्ध शैडो ग्रुप के सहयोग से 11 से 25 मई 2025 तक आयोजित 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का सफल समापन परियोजना के उमंग भवन सभागार मे हुआ। इस अनोखे आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा नाट्य प्रस्तुति श्रंगायन – द मेलोडी ऑफ आर्टश्, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस वर्कशॉप में विंध्याचल परियोजना के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से कई महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उजागर किया—जैसे बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित करना, पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना, और महिलाओं की भूमिका व उनके त्याग को पहचानना। यह कार्यशाला केवल अभिनय सीखने का माध्यम नहीं रही, बल्कि प्रतिभागियों के भीतर संवेदनशीलता, आत्मअनुशासन और सामाजिक चेतना को भी जागृत करने वाली साबित हुई।कार्यक्रम के समापन समारोह में श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी (मुख्य महाप्रबंधक- चिकित्सा), श्री संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक- प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री ए.जे. राजकुमार (महाप्रबंधक- अनुरक्षण व एडीएम), श्री राजशेखर पाला (महाप्रबंधक- प्रचालन), श्री अतिन कुंडू (महाप्रबंधक- परियोजना) और श्री राकेश अरोड़ा,



मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) शामिल रहे। इसके अतिरिक्त श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष (सुहासिनी संघ) और श्रीमती शिल्पा कोहली, महासचिव (सुहासिनी संघ) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।गणमान्य अतिथियों ने प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और सामाजिक जागरूकता की प्रशंसा करते हुए थिएटर को एक सशक्त संवाद माध्यम बताया, जो न केवल मनोरंजन करता है बल्कि समाज को दिशा भी देता है। यह कार्यक्रम विंध्य क्लब की रचनात्मक सोच और आयोजन क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण बना, जो आगे भी ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरणा

# एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने मोरवा में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सिंगरौली। रविवार को एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल सिंगरौली ने मोरवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान केंद्रीय अस्पताल की टीम ने स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को नौतपा के समय लू से बचाव हेतु जानकरी प्रदान की।**

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को लू से बचने के उपायों,



जैसे पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाव हेतु सभी को ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) घोल का भी निः शुल्क वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय, डॉ. मंजरी मेहता,डॉ.ओम एवं टीम उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय समय पर स्थानीय क्षेत्र के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की सौजन्य भेंट, विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवा विस्तार पर की चर्चा

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार पर सार्थक चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने रीवा से इंदौर, हैदराबाद, दिल्ली एवं प्रयागराज जैसे प्रमुख नगरों के लिए एटीआर-72 विमानों के माध्यम से नियमित उड़ानों की आवश्यकता एवं जनसामान्य की अपेक्षाओं से केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट से इन महानगरों के लिए हवाई संपर्क स्थापित होने से क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा, पर्यटन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र को समावेशी विकास में समुचित स्थान मिलेगा। केंद्रीय मंत्री नायडू ने प्रस्तुत सुझावों और मांगों पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

### बाल श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें



**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बाल श्रम रोकने की जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986 तथा इसके संशोधित प्रावधानों का जिले में व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। अधिनियम के मुख्य प्रावधानों को सभी दुकानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रदर्शित कराएं। जिन स्थानों में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों की श्रमिक के रूप में कार्य करने की संभावना हो उनका चिन्हांकन करें। टास्कफोर्स के सदस्य समन्वय बनाकर पुलिस बल के साथ इन स्थानों पर आकस्मिक निरीक्षण करें। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान संचालक बालश्रम कानूनों का उल्लंघन करता पाया जाए तो उसके विरूद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही करें। विभिन्न संचार माध्यमों से बाल श्रम कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 साल से कम आयु के किसी भी व्यक्ति से श्रमिक का कार्य नहीं लिया जा सकता है। यह दण्डनीय अपराध है। बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी मिश्रा तथा सहाय संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने भी उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव, श्रम निरीक्षक आशुतोष सिंह, अंकुर यादव, सुशील सेन, विभा द्विवेदी, सीडब्लयूसी सदस्य प्रवीण मिश्रा तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अपात्रों के नाम पोर्टल से हटाएं विद्युत लाइनों के मेंटीनेंस और बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के सत्यापन के लिए 24 मई को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गईं थीं। ई केवाईसी न कराने वाले तथा अपात्र हितग्राहियों के संबंध में ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तत्काल कार्यवाही करें। प्रस्तावों के अनुरूप अपात्रों के नाम पोर्टल से पृथक कराएं। जून माह में उन्हीं हितग्राहियों के लिए खाद्यान्न का आवंटन मिलेगा जिनकी ई केवाईसी हो चुकी है। खाद्यान्न वितरण के समय यदि अप्रिय स्थिति निर्मित होगी तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित बिजली विभाग की शिकायतों का निराकरण करें। बिजली बिलों में सुधार तथा बिजली की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण करें। जिले भर में बिजली की लाइनों के मेंटीनेंस पर विशेष ध्यान दें। आंधी अथवा अन्य प्राकृतिक कारणों से बिजली लाइनों को क्षति पहुंचने पर तत्काल सुधार कराने पर बिजली की आपूर्ति बहाल करें। बिजली की नियमित आपूर्ति के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत जल संरक्षण के कार्यों को 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीकृत कार्यों के मस्टर जारी कराकर लंबित राशि का तत्काल भुगतान करें। सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यालयीन व्यवस्थाओं तथा अभिलेखों के व्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दें। विभागीय निर्देशों के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए विभागीय कार्य पूरा करें। कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कार्य विभाजन करके सबको समुचित उत्तरदायित्व दें। अपने अधीनस्थों से कार्य कराना भी कार्यालय प्रमुख की ही जिम्मेदारी है। कार्यालय को आमजनता से प्राप्त आवेदनों को विधिवत पंजीबद्ध करके उनका समय सीमा में निराकरण करें। जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण कराकर तथ्यपरक प्रतिवेदन पोर्टल में दर्ज कराएं। सभी एसडीएम अपने अनुभाग के कार्यालयों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं में सुधार लाएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों का 7 दिवस में निराकरण करें। अभी भी विद्युत मण्डल, गृह विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, पीएचई विभाग, हथकरघा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग में अभी भी कुल 1883 आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन में मई माह में भी ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, पीएचई, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, खाद्य विभाग, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रकरणों का निराकरण करें। सभी एसडीएम सीमांकन और नामंतरण के आवेदनों का निराकरण कराकर ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। यदि विभाग सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में डी श्रेणी में रहेगा तो कार्यवाही होगी। बैठक में खाद्यान्न के वितरण, गेंहू उपार्जन में किसानों को भुगतान, पेयजल व्यवस्था तथा संचारी रोगों से बचाव की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर,एक की मौत, एक घायल

**रीवा। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा के समीप बीती रात्रि तकरीबन 11 बजे एक अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है, जिसका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।**




घटना की सूचना पर पहुंची बिछिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को जप्त कर लिया है । पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक राजीव सिंह निवासी खुटेही गाड़ी की बुकिंग लेकर डिहिया गए थे। जहां से देर रात 11 बजे स्कूटी से राजीव अपने एक अन्य साथी के साथ वापस लौट रहे थे इसी दौरान शिलपरा नहर के समीप कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें राजीव की मौत हो गई जबकि उनके साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है । परिजनों ने बताया कि कार सवार युवक शराब के नशे में था, टक्कर मारने के बाद युवक कार सहित भागने का प्रयास किया लेकिन कार अचानक बंद हो गई। जिसके बाद कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, बताया जा रहा है कि कार के अंदर से पुलिस को शराब की बोतल भी मिली है। फिलहाल बिछिया पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है।

### युवा संगम कार्यक्रम में 568 युवाओं को मिला रोजगार



**रीवा ।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। सतपुड़ा आईटीआई रीवा परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 568 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर पर प्राप्त हुए। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने जानकारी दी कि मेगा जॉब फेयर में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किये गये। जिले में 873 युवा पंजीकृत हुए जिनमें से 568 युवाओं को चयनित किया गया। रोजगार मेले में सिटी कार सतना में 10, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार में 44, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 10, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा में 36, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा 30, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 48, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र में 77, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा में 44, एमआरएफ टायर भारूच गुजरात में 43, ग्रेट आग्रेनिक डायमंड प्राईवेट लिमिटेड सागर में 26, मैकलेओड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड इंदौर में 105 तथा अदानी मुद्रा सोलर कच्छ गुजरात 95 में युवाओं का चयन किया गया।

# भाजपा नेताओं ने किया सेना का अपमान और प्रधानमंत्री मौन



**रीवा ।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने रविवार को पत्रकारवार्ता कर भाजपा नेताओं द्वारा देश के सैनिकों और उनके परिवार के लिए दिए जा रहे बयानों पर आपत्ति दर्ज कराई। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ही नहीं, पूरी बीजेपी देश की सेनाओं का अपमान किया है। विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए जिस शब्द इस्तेमाल किया,मोदी को उन्हें तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए था। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने भी सेना को प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक बताकर सेना का अपमान किया है। पर संज्ञान न लिया होता तो बीजेपी तो शाह को माफ कर चुकी थी। श्री पटेल राजनिवास में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने पीएम और केंद्रीय गृहमंत्री से सवाल किया कि पहलगाम हत्या कांड के आतंकी अभी तक क्यों नहीं पकड़े गए। एक महीना होने को है। देश को बताएं वहां का सिक्योरिटी सिस्टम क्यों हटाया गया। पाकिस्तान पर हमला करने से पहले उसे क्यों बताया कि हम हमला करने जा रहे हैं। इससे यही लगता है कि देश के प्रधान मंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री की एक सुनियोजित साजिश थी पाकिस्तान पर हमला करने की घटना। और अब ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये बिहार चुनाव में वोट मांगेंगे। यह उनका सियासी हथकंडा है। बालाकोट हमले को भी उन्होंने चुनाव में भुनाया था। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि पीएम का कभी 56 इंच का सीना हो जाता है और कभी उनकी रगों में खून की जगह सिन्दूर बहने लगता है। केवल बातों से देश को गुमराह करने की राजनीति मोदी ही नहीं पूरी बीजेपी करती आ रही है। एक ओर प्रधानमंत्री कहते हैं कि उनकी रगों में गरम सिंदूर दौड़ता है तो ऐसी बयानबाजी पर यह ठंडा क्यों हो रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा, जब तक बदजुबान नेताओं पर कार्रवाई नहीं होती तब तक प्रदर्शन भी होंगे। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, विधायक अभय मिश्रा, महापौर अजय मिश्रा, लखनलाल खडेलवाल, सज्जन पटेल, वसीमराजा, विनोद शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।बॉक्स सेना के सम्मान में कांग्रेस निकलेगी जय हिंद यात्रा पूर्व मंत्री ने बताया कि कांग्रेस जबलपुर से सेना के सम्मान जय हिंद यात्रा निकालने जा रही है। इस यात्रा में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी रहेंगी। कांग्रेस तिरंगे का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी तिरंगा यात्रा के जरिए सेना के शौर्य के सम्मान करने की बजाए, उसका राजनीतिकरण कर रही है। जगह- जगह बीजेपी सेना के शौर्य की तस्वीर लगाने की बजाय, फौजी वेश में प्रधान मंत्री के पोस्टर लगा रही है।

# वन विभाग की टीम ने 3.5 लाख रुपए की सागौन की लकड़ी की जप्त, गड़रिया मोड़ के पास हुई कार्रवाई



**रीवा।** जिले में अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन करने वाले पुराने लकड़ी तस्कर को वन विभाग ने रंगे हाथ पकड़ा है,बता दे आरोपी काफी समय से अवैध कारोबार में लिप्त था। रविवार शाम छुट्टी का दिन होने की वजह से अवैध लकड़ी की खेप को बेचने की फिराक में था। जिसे वन विभाग की टीम में दबिश देकर रंगे हाथों पकड़ लिया। उससे 4 लाख रुपए की लकड़ी जब्त की है। यह कार्यवाही वन विभाग की टीम शहर के नजदीक गहरिया मोहल्ले मे की है जहां से बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ी जब्त की है। यह लकड़ी मुकुंदपुर से रीवा लाई गई थी। मुकुंदपुर के वन विभाग के अमले की सूचना पर रीवा की टीम ने गड़रिया में कार्रवाई करते हुए यह जब्ती बनाई है। इस कार्रवाई में करीब 26 सागौन के लड़े और करीब 150 घन फीट चिरान लकड़ी बरामद की गई है। जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत साढ़े 3 से 4 लाख रुपए बताई जा रही है। यह कार्रवाई वन विभाग की टीम ने गड़रिया के निवासी संतोष पांडेय और उपेंद्र पांडेय के घर पर की। कार्रवाई के समय मौके पर संतोष पांडेय मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके भाई उपेंद्र पांडेय से पूछताछ की गई है। जिस पर उन्होंने बताया कि मकान को अनूप शर्मा (निवासी मुकुंदपुर) ने किराए पर लिया था और वहीं लकड़ीलाकर यहां रखे हुए थे। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह लकड़ी संभवतः मुकुंदपुर रेंज से अवैध रूप से काटी गई थी। अभी तक की जांच में आलोक शर्मा नामक व्यक्ति का नाम सामने आया है. जो कथित तौर पर अवैध सागौन व्यापार में संलिप्त रहा है। इस जब्ती के बाद वन विभाग ने मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। वन परिक्षेत्राधिकारी अंबुज नयन पांडेय ने बताया कि मौके पर संबंधित व्यक्ति की ओर से सागौन की लकड़ी घर पर रखने या उसकी कटाई संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिए गए। जिसके चलते यह माना जा रहा है कि यह जंगल से काटी गई लकड़ी है। आगे सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस मामले में यदि और नाम पाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज होगा।बॉक्स मुकुंदपुर का स्थानीय निवासी निकला मुख्य सरगनावन विभाग टीम को पहले यह भी इनपुट मिला था कि मुकुंदपुर में कुछ सागौन के पेड़ गुपचुप तरीके से काटे गए हैं। जब वन विभाग की टीम मौके पर दबिश देने पहुंची तो संतोष पांडेय और उपेंद्र पांडेय के घर से अवैध लकड़ी बरामद की गई। अवैध लकड़ी को जब्त करते हुए मामले में वन अपराध के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने और आलोक शर्मा निवासी मुकुंदपुर का भी नाम सामने आया है। जो तस्करी का मुख्य सरगना बताया गया है।

## चित्रकूट में माँ मंदाकिनी के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ, रीवा संभाग के कमिश्नर ने सफाई अभियान में किया श्रमदान



**रीवा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अविरल एवं निर्मल माँ मन्दाकिनी के संकल्प के साथ चित्रकूट के पूज्य सन्त समाज, सामाजिक संस्थाओं एवं रहवासियों की सक्रिय सहभागिता के साथ माँ मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान आरम्भ हुआ। माँ मन्दाकिनी के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री रामकेश निषाद, जल पुरुष पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, विराग गुप्ता, पूर्व मंत्रीचनद्रिका प्रसाद उपाध्याय के साथ रीवा संभाग के कमिश्नर बी. एस. जामोद भी मन्दाकिनी नदी के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए और श्रमदान किया। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन के संयोजकत्व व जन अभियान परिषद एवं विभिन्न संगठनों के सहयोग से चित्रकूट में पूरे उत्साह के साथ यह अभियान शुरू हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतगण, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, जन अभियान परिषद के सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, एसडीएम मझगवां ए पी द्विवेदी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता व चित्रकूट के रहवासियों ने भी मन्दाकिनी नदी के सफाई अभियान में अपनी सहभागिता निभाई कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सरपंच बनी मां तो बेटी को घर से निकाल दिया, पांच लाख की मांग, ससुरालवालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

**हरिभूमि, रीवा।**

एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था के तहत उन्हें नेतृत्व की कमान सौंप रही हैं, वहीं दूसरी ओर समाज का एक तबका आज भी इस बदलाव को पचा नहीं पा रहा। ऐसा ही एक मामला रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक महिला के सरपंच बनने के बाद उसकी विवाहित बेटी का ससुराल बिखरने की कगार पर पहुंच गया है। पीड़िता और उसके मायके पक्ष ने महिला थाने पहुंचकर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जैसे ही युवती की मां सरपंच बनीं, वैसे ही पति और ससुराल वालों का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। आरोप है कि पति ने पत्नी को मायके भेज दिया और अब विदाई के बदले पांच लाख रुपये की मांग की जा रही है। पीड़िता के पिता रामकृष्ण साकेत ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उनकी बेटी का विवाह चित्रकूट जिले के कल्याणगढ़ निवासी सूरज साकेत से हुआ था। प्रारंभिक दिनों में सब कुछ सामान्य था। बेटी खुश थी और ससुराल में ठीक से रह रही थी। लेकिन हाल ही में जब पीड़िता की मां सरोज साकेत मढ़ी पंचायत से सरपंच चुनी गईं, तभी से ससुरालवालों का व्यवहार बदलने लगा। परिजनों का आरोप है कि सूरज साकेत ने बेटी को मायके भेजते समय यह कहकर रोका कि अब तुम्हारी मां सरपंच बन गई है, पैसे की कमी नहीं होगी, पाँच लाख लेकर आओ तभी विदाई होगी। उन्होंने कहा कि बार-बार समझाइश देने और बातचीत करने के बाद भी सूरज और उसके परिवार का रुख नहीं बदला। अंततः जब ससुराल से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तब पीड़िता अपने पिता और अन्य परिजनों के साथ महिला थाने पहुंची और पति सूरज साकेत व उसके परिजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और अवैध मांगों का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी। महिला थाना प्रभारी के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही संबंधित पक्षों से पूछताछ कर जांच की जाएगी।

# मऊगंज में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

## सिंह इंफ्रा कंपनी को पत्थर के अवैध उत्खनन में 10 करोड़ का जुर्माना



**हरिभूमि, मऊगंज।** जिले के ग्राम हर्रहा में कई वर्षों से अवध तरीके से पत्थर का उत्खनन किया जा रहा था कई बार ग्रामीणों और सरपंच द्वारा खनिज विभाग कलेक्टर को शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कृष्ण कुमार सिंह निवासी ग्राम नेगुडा. तहसील चुरहट जिला सीधी सिंह इंफ्रा कंपनी के संचालक के ऊपर 10 करोड़ 8 लाख एक हजार रुपए का जुर्माना अधिरोधित किया गया है बताया गया कि तहसीलदार द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें उत्खनन से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिया गया पत्थर ब्लास्टिंग के समय कोई सुरक्षा नहीं मिली सुरक्षा की दृष्टि से कटीले तारो का घेरा नहीं किया गया कदुआमन बांध के जल क्षेत्र तक अत्यधिक एरिया में ब्लास्टिंग करने जैसे कई अवैध तरीके से उत्खनन पाया गया उत्खनन अत्यधिक भंडारण अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है जिसमें निर्देशित किया गया की 15 दिवस के अंदर उक्त राशि जमा करें जिला कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है ग्राम हर्रहा में अवैध रूप से पत्थर उत्खनन कई वर्षों से संचालित था जिस पर बड़ी कार्रवाई खनिज जिला कलेक्टर द्वारा की गई है।

# हनुमना क्षेत्र मे आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही



**मऊगंज।** जिले के हनुमना क्षेत्र मे आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम-अमहटा मे सोन कली सिंह के रिहायशी माकान से 26 पाव जिप्सी व्हिस्की,ग्राम-जडकुड़ मे अर्चना गोड़ के रिहायशी माकान से 26 केन पावर कूल बियर,शिवकुमार पटेल के रिहायशी माकान से 24 केन पावर कूल बियर, अब्बास अली के रिहायशी माकान से 26 केन पावर कूल बियर, रामकुशल यादव के रिहायशी माकान से 48केन पावर कूल बियर तथा 50 पाव जीनियस व्हिस्की,अली अहमद के रिहायशी माकान से 23 केन पावर कूल बियर,ग्राम-नानकवार मे दिनेश शाहू के रिहायशी माकान से 12 पाव जिप्सी व्हिस्की,सीमा गुप्ता के रिहायशी माकान से 27 केन पावर कूल बियर,अमृत गुप्ता 24 केन बियर, ग्राम झरी मे आदित्य यादव के रिहायशी माकान से 15 लीटर हाथ भट्टी,ग्राम-नउनकल मे सरोज बसोर के रिहायशी माकान से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर म०प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 11 प्रकरणों मे 198 केन पावर कूल बियर, 48 पाव जिप्सी व्हिस्की, 50पाव जीनियस व्हिस्की,10पाव सादा,30लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 48640 रुपए /- है।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ संपन्न




**हरिभूमि, मऊगंज।** जिले के ग्राम पंचायत बेला कमोद की सचिव संगीता शर्मा द्वारा वित्तीय साक्षरता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता , (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के उप सरपंच गणेश साहू द्वारा किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित आरसेटी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा अंत में साइबर फ्रॉड के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया कि आपके मोबाइल पर कोई भी अनजान व्यक्ति लोग लालच या धमकी देकर आपकी कोई भी गोपनीय जानकारी चाहता है तो आप उसे कतई ना दें आपकी सावधानी है इसकी प्रमुख सुरक्षा है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप सरपंच ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत का सौभाग्य है कि आज इतना अच्छा कार्यक्रम हुआ और लोग जागरूक हुए हम आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास करते हैं कि लोग अधिक से अधिक इसका लाभ लेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत की सचिव संगीता शर्मा, प्रदीप उरमालिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता केवट फूल कली केवट अनीता पटेल कलावती साकेत पार्वती हरिजन राजकली कोल प्रेमवती साकेत आशा कार्यकर्ता गुलाब कली केवट अनीता तिवारी सविता पटेल रन्नू पांडे सिया शरण पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में प्रदीप उरमालिया द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया